तापमान
अधिकतम 27.2 डिग्री
न्यूनतम 25.6 डिग्री

हरिभूमि
# महासमुंद भूमि
रायपुर, सोमवार 6 जुलाई 2026

सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड



12 समय सीमा में मांग पूरी नहीं तो 10 के बाद डीईओ ....





12 देव संस्कृति स्कूल में मनाया प्रवेशोत्सव, छात्रों को ...




## खबर संक्षेप




### सड़क के किनारे खड़े बोर वाहन से बस की टक्कर, तीन घायल

**महासमुंद**। सड़क किनारे खड़े बोर वाहन से बस के टकरा जाने से तीन यात्री घायल हो गए। घटना बसना से बिलाईगढ़ रोड ग्राम भालूपतेरा के पास की है। रिपोर्ट पर आरोपी वाहन चालक के विरूद्ध जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। बसना पुलिस ने बताया कि ग्राम अमलीडीह (पिथौरा) के परमानंद यादव ने एफआईआर लिखाई है कि 10 जून को वह अपने पिता लक्ष्मण यादव के साथ बहन चित्ररेखा यादव के इलाज के लिए बिलासपुर गया था। वापस आते समय बिलाईगढ़ से बसना आ रही राजधानी बस क्रमांक सीजी 04 ई 1591 में सवार होकर वे बसना आ रहे थे। शाम करीब 07 बजे बसना से बिलाईगढ रोड ग्राम भालूपतेरा के पास पहले से रोड किनारे खड़े बोर वाहन क्रमांक सीजी 06 जीआर 3880 को बस चालक ने टक्कर मार दिया। घटना में परमानंद, उसके पिता और बहन को चोटें आई। इसके अलावा बस में सवार अन्य लोगों को भी चोटें आई। जिन्हें इलाज के लिए एम्बुलेंस के माध्यम से सीएचसी बसना लाया गया। जहां से रेफर करने के बाद महासमुंद के अस्पताल में इलाज कराया। मामले की रिपोर्ट पर आरोपी वाहन चालक के विरूद्ध धारा 184 एलकेएस, 125(ए), 281 बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

# 19 जनजातीय महिला पशुपालकों ने सीखी वैज्ञानिक डेयरी प्रबंधन की तकनीक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

आदिवासी विकास विभाग की विशेष केंद्रीय सहायता उपयोजना अंतर्गत विकासखंड बागबाहरा के माडा ग्राम जोरातराई की अनुसूचित जनजाति की महिला हितग्राहियों को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में विशेष पहल की जा रही है। डेयरी इकाई से जुड़ी 19 महिला स्वसहायता समूह की सदस्याओं को वैज्ञानिक पशुपालन की आधुनिक तकनीकों से अवगत कराने के लिए 3 जुलाई को धमतरी जिले का शैक्षणिक भ्रमण कराया गया।

उप संचालक पशु चिकित्सा सेवाएं डॉ. अंजना नायडू ने बताया कि ग्रामीण पशुपालन में महिलाओं की भूमिका महत्वपूर्ण होती है। पशुओं की देखभाल, चारा प्रबंधन, स्वास्थ्य संरक्षण तथा गोबर प्रबंधन जैसे अधिकांश कार्य महिलाएं ही करती हैं। इसी को ध्यान में रखते हुए केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा महिला स्व-सहायता समूहों को आधुनिक एवं वैज्ञानिक पशुपालन के लिए प्रशिक्षित और सशक्त बनाया जा रहा है। भ्रमण के दौरान महिला पशुपालकों ने मुख्य ग्राम इकाई भोथली अंतर्गत ग्राम बोडरा स्थित गौठान एवं गोविंदी देव गौशाला का अवलोकन किया। यहां उन्होंने कृत्रिम गर्भाधान के माध्यम से पशुओं की नस्ल सुधार, उच्च दुग्ध उत्पादन तथा वैज्ञानिक पशुपालन की सफल व्यवस्थाओं को प्रत्यक्ष रूप से देखा। इन नवाचारों से महिलाएं काफी प्रेरित हुईं।

### ग्राम बोड़रा स्थित गौठान एवं गोविंदी देव गौशाला का किया अवलोकन




#### पशु पोषण संबंधी गतिविधियों की दी जानकारी

प्रशिक्षण के दौरान विशेषज्ञों ने कृत्रिम गर्भाधान, उन्नत नस्ल विकास, संतुलित पशु पोषण, हरे चारे के उत्पादन तथा पैरा को यूरिया, नमक एवं चूने से उपचारित कर उसकी पोषण गुणवत्ता बढ़ाने जैसी कम लागत वाली तकनीकों का व्यावहारिक प्रदर्शन भी किया। साथ ही कृषि के साथ पशुपालन को जोड़कर अतिरिक्त आय अर्जित करने के प्रभावी उपायों की जानकारी दी गई। यह शैक्षणिक भ्रमण डॉ. आरजी यादव एवं डॉ. एआर घृतलहरे के नेतृत्व में आयोजित किया गया। मुख्य ग्राम योजना धमतरी के पशु प्रजनन विशेषज्ञ डॉ. टीआर वर्मा ने महिला पशुपालकों को पशु नस्ल सुधार, पशु संवर्धन, पशु पोषण तथा वैज्ञानिक डेयरी प्रबंधन की विस्तृत जानकारी दी। वहीं, मुख्य ग्राम इकाई भोथली के सहायक पशु चिकित्सा अधिकारी बीएस साहू ने क्षेत्र में संचालित कृत्रिम गर्भाधान एवं पशु पोषण संबंधी गतिविधियों की जानकारी साझा की।

## कार्रवाई : पुलिस ने आरोपियों से 32 किलो से ज्यादा गांजा किया बरामद

# ओडिशा से गांजा लेकर गुजरात में खपाने की थी तैयारी, दो गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

ओडिशा से गांजा लेकर गुजरात ले जा रहे दो आरोपियों को जिले की पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 32 किलो से ज्यादा गांजा बरामद किया है। आरोपियों के विरूद्ध कोमाखान थाने में मामला दर्ज किया गया है।

पुलिस ने बताया कि एंटी नारकोटिक टास्क फोर्स द्वारा अवैध मादक पदार्थ गांजा की तस्करी, परिवहन तथा बिक्री एवं इंड टू इंड इन्वेस्टिगेशन, फायनेशियल इन्वेस्टिगेशन पर प्रभावी एवं विधिवत का करने हेतु निर्देश प्राप्त हुआ है। जिसके चलते पुलिस द्वारा लगातार चेकिंग कार्रवाई की जा रही है। थाना कोमाखान पुलिस को मुखबीर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि ओडिशा से छत्तीसगढ़ की ओर एक आइशर ट्रक क्रमांक जीजे 19 वाय 3344 में 02 व्यक्ति अवैध मादक पदार्थ गांजा परिवहन की सूचना पर ग्राम टेमरी जांच नाका में उक्त ट्रक को रोककर वाहन चालक व सवार ने अपने नाम प्रदीप महापात्र पिता त्रिनाथ महापात्र (52 साल) निवासी तलरामपल्ली थाना कोदला जिला गंजाम ओडिशा और हाडुबंधु स्वांई पिता रंकनिधि स्वांई (47 साल) निवासी बादरखपल्ली थाना कोदला जिला गंजाम ओडिशा का रहने वाला बताए। पूछताछ में आरोपियों ने गांजा तस्करी की बात कबूल की। उन्होंने बताया कि वे इस गांजा को बेगुनियापड़ा गंजाम (ओडिशा) से लेकर सूरत (गुजरात) खपाने के लिए ले जा रहे थे। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 32.070 किलो गांजा कीमत 16,03,500 रुपए, ट्रक 10 लाख रुपए, दो बाइक कीमत 1,20,000 रुपए, दो स्कूटी कीमत 80,000 रुपए, दो मोबाइल कीमत 17,000 रुपए और नगदी रकम 17,000 रुपए को बरामद कर आरोपियों के विरूद्ध धारा सदर का अपराध घटित करना पाये जाने पर धारा 20(बी)(II)(सी) 29 एनडीपीएस एक्ट पंजीबद्ध किया गया।




## बाढ़ में फंसे 14 मजदूरों को निकाला गया सुरक्षित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

लगातार हो रही बारिश के बीच रविवार 5 जुलाई की सुबह खल्लारी क्षेत्र के ग्राम जोगीडीपा में पुलिया निर्माण कार्य में लगे मजदूर अचानक आई बाढ़ के कारण फंस गए। जिला बाढ़ नियंत्रण कक्ष को इसकी सूचना मिलने के बाद जिला प्रशासन ने तत्काल कार्रवाई करते हुए नगर सेना की रेस्क्यू टीम को मौके के लिए रवाना किया। टीम ने घटनास्थल पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया और राहत एवं बचाव अभियान शुरू किया। काफी मशक्कत के बाद रेस्क्यू टीम ने बाढ़ में फंसे 10 पुरुष एवं 4 महिला सहित कुल 14 मजदूरों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। सभी मजदूरों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया गया। समय रहते किए गए इस रेस्क्यू अभियान से एक बड़ा हादसा टल गया। जिला प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि लगातार हो रही बारिश के दौरान नदी-नालों और बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में जाने से बचें तथा किसी भी आपात स्थिति में तत्काल जिला बाढ़ नियंत्रण कक्ष या संबंधित प्रशासनिक अधिकारियों को सूचना दें।






**खबर संक्षेप**

## टाइप-1 डायबिटीज प्रभावित बच्चों के लिए कैंप का आयोजन




**रायपुर।** जिला चिकित्सालय में पंजीकृत बाल मधुमेह योजना अंतर्गत बच्चों एवं उनके अभिभावकों के लिये शुक्रवार को पीयर सपोर्ट ग्रुप कैंप का आयोजन किया गया। राज्य एनसीडी प्रकोष्ठ एवं विलियम जे. क्लिंटन फाउंडेशन की सहभागिता से आयोजित कार्यक्रम का उद्देश्य टाइप 1 डायबिटीज़ से प्रभावित बच्चों, किशोरों, वयस्कों एवं उनके परिजनों को इसके प्रभावी प्रबंधन, नियमित इंसुलिन थेरेपी, रक्त शर्करा की नियमित निगरानी, संतुलित आहार, शारीरिक गतिविधि, हाइपोग्लाइसीमिया की पहचान एवं प्रबंधन तथा समय-समय पर चिकित्सकीय अनुवर्ती देखभाल के महत्व पर विशेषज्ञों द्वारा विस्तार से जानकारी दी गई। इस दौरान सीएमएचओ डा. मिथिलेश चौधरी ने कहा कि टाइप 1 डायबिटीज़ के प्रभावी प्रबंधन के लिए केवल उपचार ही नहीं, बल्कि निरंतर परामर्श, भावनात्मक सहयोग एवं नियमित अनुवर्ती देखभाल भी अत्यंत आवश्यक है। डॉ. प्रतिभा शर्मा एवं डॉ. निलय मोजरकर ने बताया कि टाइप 1 डायबिटीज़ के साथ स्वस्थ एवं सक्रिय जीवन पूरी तरह संभव है, यदि नियमित इंसुलिन थेरेपी, रक्त ग्लूकोज़ की निगरानी, संतुलित जीवनशैली तथा चिकित्सकीय सलाह का निरंतर पालन किया जाए।

## ओम विहार में सड़क निर्माण के लिए हुआ भूमिपूजन



**रायपुर।** जोन-10 अंतर्गत महावीर नगर-अमलीडीह क्षेत्र के ओम विहार कालोनी में शनिवार को सड़क निर्माण कार्य के लिए भूमिपूजन किया गया। इस अवसर पर एमआईसी सदस्य एवं वार्ड पार्षद डा. अनामिका सिंह, जोन के अधिकारी एवं मोहल्लेवासी उपस्थित थे।

## वीबी जीरामजी के तहत किए गए पौधरोपण का निरीक्षण



**रायपुर।** जिला पंचायत सीईओ कुमार बिश्वरंजन ने अभनपुर विकासखंड के ग्राम पंचायत पचेड़ा, थनौद, तोरला, घुरका, सुन्दरकेरा, जवईबांधा, सोनेसुल्ली एवं दुलना में वीबी जीरामजी योजना के अंतर्गत पूर्व में किए गए पौधरोपण कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने पौधरोपण स्थलों का अवलोकन कर पौधों की स्थिति की जानकारी ली तथा गांव की स्व-सहायता समूहों की दीदियों को निर्देशित किया। सीईओ ने ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2026 के अंतर्गत विकासखंड अभनपुर की चयनित सर्वोच्च प्राथमिकता वाले ग्राम पंचायतों का भी निरीक्षण किया।

# एसी-कूलर के कारोबार पर महंगाई और मौसम की मार, कम हुआ 20 फीसदी व्यापार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

एसी और कूलरों के कारोबार पर इस बार सीजन में महंगाई और मौसम की बड़ी मार पड़ी है। जहां एक तरफ धीरे-धीरे कर एसी के दाम में 20 फीसदी तक का इजाफा हो गया, वहीं कूलरों के दाम भी करीब 15 से 20 फीसदी बढ़ गए। एसी और कूलरों में महंगाई के कारण इस बार सीजन में उम्मीद से 20 फीसदी कारोबार कम हुआ है। जहां एसी सवा लाख के आसपास ही बिके, वहीं कूलरों की बिक्री भी करीब एक लाख कम हुई है। जून में कुछ और कारोबार की संभावना थी, पर जून में भी कारोबार नहीं हो सका। अमेरिका, इजरायल और ईरान के युद्ध का असर हर सेक्टर में देखने को मिला है। युद्ध के कारण महंगाई की मार पड़ी है। एसी और कूलरों के दाम भी इसके कारण इस बार बढ़ गए। एसी के दाम जहां कच्चे माल के दाम बढ़ने के कारण बढ़े, वहीं कूलरों के दाम प्लास्टिक और कॉपर का रेट बढ़ने के कारण बढ़े। सबसे ज्यादा दाम प्लास्टिक के कूलरों के बढ़े, क्योंकि प्लास्टिक के साथ कॉपर के दाम बढ़ने का भी असर पड़ा।

**कम बिके एसी :** एसी का कारोबार बड़ा होता है। ब्रांडेड एसी 30 हजार से एक लाख तक के आते हैं। पहले एसी कम बिकते थे, लेकिन बीते तीन सालों से एसी की डिमांड बढ़ गई है। हर साल 15 से 20 हजार एसी ज्यादा बिक रहे हैं। इस बार करीब डेढ़ लाख एसी बिकने का अनुमान था। लेकिन एक तरफ जहां इसके दाम बढ़ गए, वहीं बीते माह मौसम की भी मार पड़ गई। ऐसा होने से करीब 30 हजार एसी कम बिके हैं। अगर डेढ़ लाख एसी बिकते तो करीब सात सौ करोड़ का कारोबार हो जाता। लेकिन एसी कम बिकने के कारण करीब दो सौ करोड़ का कारोबार कम हुआ।

### दाम में 20 फीसदी तक इजाफा होने से कारोबार रहा मंदा

#### कूलर भी कम बिके

गर्मी के सीजन में सबसे बड़ा कारोबार कूलरों का होता है। 2023 में जहां तीन लाख कूलर बिके थे, वहीं 2024 में साढ़े तीन और बीते बीते साल चार लाख से ज्यादा कूलर बिके हैं। इस बार पांच लाख से ज्यादा कूलर बिकने का अनुमान था। लेकिन कीमत बढ़ने के कारण करीब चार लाख कूलर ही बिक पाए हैं। लोकल कूलरों में विंडो कूलरों की मांग ज्यादा रहती है। ये कूलर चार से आठ हजार के बीच मिलते हैं। आज-कल तो दो हजार तक के छोटे कूलर भी आने लगे हैं। इसके अलावा रूम कूलरों की भी बड़ी डिमांड रहती है। रूम कूलरों में ब्रांडेड कूलर जहां 10 से 12 हजार के मिलते हैं, वहीं लोकल कूलर 5 से 8 हजार में मिल जाते हैं। एक कूलर की औसत कीमत छह हजार माने तो चार लाख कूलरों का करीब ढाई सौ करोड़ का कारोबार ही हुआ है।



#### उम्मीद से कम हुआ कारोबार

इस बार सीजन में डेढ़ लाख से ज्यादा एसी बिकने की संभावना थी, लेकिन कीमत बढ़ने के साथ मौसम के कारण कारोबार 20 फीसदी कम हुआ है।
- राजेश वासवानी, एसी कारोबारी

### 4 जोन में नाले की मशीन से सफाई कराने किराए पर पोकलेन मशीन लगाई

# नाला सफाई का तीसरा राउंड शुरू नहीं, आधी अधूरी सफाई से बारिश में ओवरफ्लो का खतरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

बारिश पूर्व नाला सफाई को लेकर नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी का दावा है कि बड़े नालों की तीसरी राउंड की सफाई बारिश पूर्व करा ली जाएगी, जबकि अभी तक मुश्किल से दो राउंड की सफाई ही पूरी हो पाई है, तीसरा राउंड अब तक शुरू ही नहीं हुआ। शहर में कुछ इलाके ऐसे हैं, जहां बड़े नालों की सफाई का पहला राउंड ही शुरू नहीं हो पाया है। इसका प्रमुख कारण नाला सफाई के लिए पोकलेन मशीन का समय पर उपलब्ध नहीं हो पाना है। कुछ इलाकों में डीजल का टोटा बताकर पोकलेन मशीन नहीं भेजी जा रही है। हालत ये है, जुलाई का पहला सप्ताह शुरू होने के बाद भी शहर के 100 से अधिक बड़े नालों की सफाई दो राउंड तक ही सिमट कर रह गई है।

- नाला सफाई के लिए प्रत्येक जोन को 3 लाख रुपए मिले

#### केस 1 : मौदहापारा का बड़ा नाला केवल 1 राउंड की सफाई

नगर निगम जोन 2 हवलदार अब्दुल हमीद वार्ड स्थित मौदहापारा के कल्लू गैरेज से सुभाष नगर तक बड़े नाला की सफाई में निगम चूक रहा है अब तक इस नाले की केवल 1 राउंड की सफाई हो पाई है। वार्ड पार्षद शेख मुशीर का कहना है 25 दिन पहले यह सफाई कराई गई। कुछ जगह पोकलेन मशीन नहीं उतर सकती इसलिए वहां केवल मेनुवल तरीके से सफाई करानी पड़ेगी। 35 कर्मचारियों का नाला सफाई गैंग है जो 10 दिन में एक बार आता है। चूंकि मुख्य मार्ग का यह एक बड़ा नाला है इसलिए बारिश पूर्व नाले की तले तक सफाई बहुत जरूरी है। यदि समय रहते नाला सफाई नहीं कराई गई तो मौदहापारा सहित आसपास के क्षेत्र में नाले की गंदगी ओवरफ्लो होकर बहते देर नहीं लगेगी।



#### केस 2 : डूमततराई तालाब मेन रोड का बड़ा नाला, मशीन के लिए इंतजार

नगर निगम जोन 10 क्षेत्र स्थित बाबू जगजीवन राम वार्ड के डूमतराई मेन रोड वाले बड़े नाला की सफाई के लिए नगर निगम से अब तक पोकलेन मशीन नहीं मिल पाई है। इसके चलते नाला सफाई शुरू नही हुआ है। वार्ड पार्षद मनोज जांगड़े का कहना है बारिश पूर्व नाला सफाई के लिए मुख्यालय और जोन वाले पोकलेन मशीन नहीं भेज रहे, इसके लिए इंतजार करने कहा जा रहा है। डूमतराई तालाब मेन रोड के बड़े नाला में भारी माात्रा में गंदगी, जलीय वनस्पति और कूड़ा भरा हुआ है। इसकी तले तक सफाई कराना बेहद जरूरी है, ऐसा नहीं हुआ तो बारिश के पानी के साथ नाले की गंदगी ओवरफ्लो होकर मुख्य मार्ग सहित आसपास के रिहाइसी इलाके में लोगों की परेशानी का कारण बनेगी।

#### केस 3 : अटारी से सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट तक

वीर सावरकर नगर वार्ड स्थित रिंगरोड नंबर 2 से टाटीबंध श्मशान घाट होते हुए अटारी के सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट तक बहने वाले बड़े नाला की नगर निगम जोन 8 कमिश्नरी ने अब तक सफाई नहीं कराई। नाला सफाई कराने वार्ड पार्षद संदीप साहू ने पोकलेन मशीन उपलब्ध कराने की मांग भी की है, इसके बाद भी पोकलेन मशीन नहीं मिलने से नाला सफाई का कार्य प्रभावित हो रहा है। बारिश से पहले नाला सफाई नहीं होने पर नाले की गंदगी रिंगरोड नंबर 2 के मुख्य मार्ग में जलभराव का कारण बनेगी।

#### केस 4 : चिंगरी नाला की सफाई का दूसरा राउंड पूरा

नगर निगम जोन 5 और जोन 8 की टीम ने मिलकर खारुन नदी में गिरने वाले चिंगरी नाला की बारिश पूर्व दो राउंउ की सफाई पोकलेन मशीन लगाकर करवाई है। तीसरे राउंड की सफाई होना बाकी है। इसी तरह जोन 5 और जोन 6 के माध्यम से प्रोफेसर कालोनी के पास बड़े नाले की सफाई मशीन लगाकर कराई गई है। जोन कमिश्नर खीरसागर नायक के मुताबिक किराए की पोकलेन मशीन नाला सफाई के लिए सुबह 6 बजे से दोपहर 2 बजे तक लगाकर नाला सफाई करवाई गई है।

## मानसून से पहले सफाई नहीं, बारिश होते ही खुली पोल, नालों की गंदगी सड़क पर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

नगर निगम रायपुर के अधिकारियों एवं पदाधिकारियों के मानसून से पूर्व नालों की सफाई कराने के दावों की पहली बारिश ने ही पोल खोल दी है। सफाई नहीं होने के कारण छोटे-बड़े नालों की गंदगी सड़कों पर बारिश के पानी के साथ बहने लगी है। कई इलाकों में तो नालियों के गंदे काले पानी से सड़कें लबालब हो गईं, जिसके कारण लोगों को सड़क पर चलना मुश्किल हो गया। नालियों की गंदगी का नजारा शहर के कई इलाकों की सड़कों पर देखा गया, जिनमें अमलीडीह-केनाल रोड से लगा इलाका भी शामिल है। जोन अधिकारियों की लापरवाही एवं अनदेखी के कारण केनाल रोड से गुजरे बड़े नाले की सफाई तक नहीं की गई, जिसके कारण इसकी गंदगी से इस इलाके की कई सड़कें नाले के गंदे पानी से डूब गईं।

**शहर के कई इलाकों में ऐसे ही स्थिति रही :** संतोषीनगर, टिकरापारा, भाठागांव, समता कालोनी, कटोरा तालाब, महावीर नगर, अमलीडीह सहित शहर के कई वार्डों में बड़े नालों की सफाई नहीं हो पाई है, जिसके कारण बारिश होते ही इन इलाकों में नालों की गंदगी सहित बारिश का पानी सड़क पर आ गया है, जिससे राहगीरों को परेशानी हो रही है।



#### ट्रैफिक सिग्नल चौक के पास गंदगी से राहगीर हुए परेशान

केनाल रोड से लगा नाला रिंग रोड से लेकर कमल विहार ओवरब्रिज इलाके से जुड़ा हुआ है। इस क्षेत्र में न्यू राजेंद्रनगर सहित दर्जनों कालोनियां हैं। केनाल रोड नाला से इस क्षेत्र की कालोनियों का गंदा पानी से लेकर बारिश के पानी की निकासी होती है, लेकिन इस नाले की सफाई कराने में जोन-10 के अधिकारियों से लेकर जोन अध्यक्ष एवं वार्ड पार्षद रुचि नहीं लेते। यही कारण है कि मानसून के आगमन के पूर्व इस नाले की सफाई तक नहीं कराई गई। शनिवार को बारिश होने के पहले भी नाला कचरों से पटा हुआ था, जिसके कारण बारिश होते ही इसकी गंदगी बारिश के पानी के साथ सड़क पर आ गई। यहां तक ट्रैफिक सिग्नल चौक के पास भी सड़क पर नाले का गंदा पानी आने से राहगीरों को परेशान होना पड़ा।

## राष्ट्रीय कार्यशाला में शामिल हुए उप मुख्यमंत्री शर्मा



**रायपुर।** नई दिल्ली में आयोजित 16वें वित्त आयोग की अनुशंसाओं पर राष्ट्रीय कार्यशाला में छत्तीसगढ़ के उप मुख्यमंत्री एवं पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री विजय शर्मा शामिल हुए। कार्यशाला में विभिन्न राज्यों के पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्रियों, वरिष्ठ अधिकारियों तथा नीति-निर्माताओं ने भाग लिया। इस अवसर पर ग्रामीण स्थानीय निकायों को वित्तीय संसाधनों के आवंटन, पंचायतों की वित्तीय क्षमता को सुदृढ़ करने तथा 16वें वित्त आयोग की अनुशंसाओं के प्रभावी क्रियान्वयन से जुड़े विषयों पर व्यापक विचार-विमर्श किया गया। कार्यशाला में स्थानीय निकायों की वित्तीय स्वायत्तता, बेहतर सेवा प्रदायगी, पारदर्शिता, जवाबदेही और प्रदर्शन आधारित अनुदान व्यवस्था को अधिक प्रभावी बनाने पर विशेष चर्चा हुई। उप मुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा ने कार्यशाला के विभिन्न तकनीकी सत्रों में सहभागिता करते हुए पंचायतों एवं ग्रामीण विकास से जुड़े मुद्दों पर आयोजित प्रस्तुतियों और विचार-विमर्श का अवलोकन किया।

- पंचायतों के वित्तीय सशक्तिकरण एवं ग्रामीण विकास के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा

#### ग्रामीण स्थानीय निकायों के लिए 11,664 करोड़ अनुदान

कार्यशाला के दौरान 16वें वित्त आयोग द्वारा ग्रामीण स्थानीय निकायों के लिए प्रस्तावित अनुदान की जानकारी साझा की गई। आयोग की अनुशंसाओं के अनुसार वित्तीय वर्ष 2026-27 से 2030-31 की अवधि में छत्तीसगढ़ को कुल 11,664 करोड़ रुपए का अनुदान प्राप्त होगा। इसमें 9,331 करोड़ रुपए बेसिक ग्रांट तथा 2,333 करोड़ रुपए परफॉर्मेंस ग्रांट शामिल हैं। वहीं, ग्रामीण स्थानीय निकायों के लिए अंतर-राज्यीय अनुदान वितरण में छत्तीसगढ़ की हिस्सेदारी 2.68 प्रतिशत निर्धारित की गई है।

**छत्तीसगढ़ बचाओ आंदोलन ने की मांग**

## नकटी में ही प्रभावितों की बसाहट कर न्यायपूर्ण मुआवजा प्रदान करे सरकार



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

राजधानी रायपुर के ग्राम नकटी (सम्मानपुर) में विधायक कालोनी बनाने के नाम पर वर्षों से निवासरत 80 परिवारों के घरों को तोड़ने की कार्रवाई का छत्तीसगढ़ बचाओ आंदोलन कड़े शब्दों में भर्त्सना करता है। छत्तीसगढ़ बचाओ आंदोलन सरकार की इस बेदख़ली की कार्रवाई का पुनः पुरजोर विरोध करते हुए यह मांग करता है कि नकटी के गांव को ज़मीन लौटाई जाये और विस्थापितों को तत्काल न्यायपूर्ण क्षतिपूर्ति प्रदान कर उन्हें उस भूमि पर निवास करने के लिये प्रभावितों को विधिक पट्टे प्रदान करने की उचित कार्यवाही प्रारंभ की जाये।

छत्तीसगढ़ बचाओ आंदोलन के मनीष कुंजाम, सुदेश टीकाम, विजय भाई, लखन सुबोध, शालिनी गेरा, रमाकांत बंजारे, आलोक शुक्ला ने कहा, जिस जमीन पर प्रभावित परिवार निवासरत थे, वह गांव की ही सामूहिक चारागाह की जमीन थी, जिसे गांव के ही लोग सामूहिक निस्तार (चराई) के लिए छोड़ते हैं।

आबादी बढ़ने के कारण और गांव के आवासहीन परिवारों के लिए पंचायत की सहमति से वहां पर घर बनाये गए थे। प्रशासन द्वारा उसी जमीन पर 22 प्रधानमंत्री आवास भी स्वीकृत किए गए थे। नई राजधानी में ही 27 गांव की 15 हज़ार एकड़ से ज़्यादा ज़मीनों का अधिग्रहण शासन द्वारा किया गया है, जिसमे आज भी हजारों हेक्टेयर भूमि खाली है। सुनियोजित तरीके से उसी जमीन का चिन्हांकन विधायक कालोनी के लिए किया गया है, जिस पर दर्जनों परिवार निवास करते हुए अपनी आजीविका चला रहे थे।

## तूता धरनास्थल पर संविदा विद्युत कर्मचारियों ने काली पट्टी लगाकर किया धरना-प्रदर्शन



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ विद्युत संविदा कर्मचारी संघ के आव्हान पर विद्युत विभाग के संविदा कर्मचारियों ने शनिवार को नवा रायपुर के तूता स्थित धरना स्थल पर काली पट्टी लगाकर प्रदर्शन किया। विद्युत विभाग में समायोजन कर नियमितीकरण की एक सूत्रीय मांग को लेकर विद्युत विभाग के संविदा कर्मचारी 1 जुलाई से प्रदेश व्यापी अनिश्चितकालीन आंदोलन पर हैं।

छत्तीसगढ़ पावर विद्युत कंपनी के संविदा कर्मचारी ने अपने लंबित मांग को लेकर पावर कंपनी प्रबंधन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। लामबंद कर्मचारियों का कहना है एक अरसे से विद्युत विभाग संविदा विद्युत कर्मचारी के रूप में सेवा करने के बाद भी इनकी अनदेखी की जा रही है। इसके विरोध में शनिवार को काली पट्टी लगाकर विरोध करते हुए प्रदर्शन किया है। छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत कर्मचारी संघ के महामंत्री कमलेश भारद्वाज ने कहा है कि जब उन्हें विद्युत विभाग में समायोजन कर नियमितीकरण नहीं किया जाता तब तक आंदोलन जारी रहेगा। यह आंदोलन मात्र औपचारिक लड़ाई नहीं , अपितु पावर कंपनी में कार्यरत 3 हजार संविदा कर्मचारियों के भविष्य तथा उनके परिवारों की आर्थिक व सामाजिक सुरक्षा के प्रति जिम्मेदारी का प्रश्न है।

नवा रायपुर के तूता धरना स्थल पर अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन में संघ के अध्यक्ष हरिचरण साहू, महामंत्री कमलेश भारद्वाज सहित बड़ी संख्या में विद्युत विभाग के संविदा कर्मचारी शामिल हुए।

- 1 जुलाई से कर रहे प्रदेश व्यापी अनिश्चितकालीन आंदोलन
- नियमितीकरण की एक सूत्रीय मांग

## करंट की चपेट में आने से माली की मौत, सात माह बाद अपराध दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

11 केवी हाईटेंशन वायर की चपेट में आने से माली की मौत के मामले में सरस्वती नगर थाने की पुलिस ने सात माह अपराध दर्ज किया है। घटना क्रेस्ट ग्रीन सोसाइटी की है। जांच में सामने आया कि सोसाइटी के मैनेजर ने मजदूरों से बिना सुरक्षा उपकरणों के जोखिम भरा काम करवाया था। इसी लापरवाही के कारण माली की इलाज के दौरान अस्पताल में मौत हो गई थी। पुलिस ने सोसाइटी के मैनेजर शिवम कुमार के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का केस दर्ज किया है।

सोसाइटी में माली एस. तूफान (56) और चार अन्य कर्मचारी मेन गेट के पास पेड़ की छंटाई करने के लिए करीब 20 फीट ऊंची लोहे की चलित सीढ़ी (घोड़ी) को एक दिसंबर 2025 को धकेलकर ले जा रहे थे। इसी दौरान सीढ़ी का ऊपरी हिस्सा ऊपर से गुजर रही हाईटेंशन बिजली लाइन से टकरा गया। पांचों कर्मचारी कंरट की चपेट में आकर बुरी तरह से झुलस गए। घटना के बाद सभी घायलों को पहले एम्स और बाद में एस. तूफान को कालड़ा बर्न हास्पिटल में उपचार के लिए भर्ती कराया गया। इलाज के दौरान छह दिसंबर को उसकी मौत हो गई। परिजनों ने उसी दिन अंतिम संस्कार कर दिया। उस समय न तो पुलिस को घटना की सूचना दी गई और न ही पोस्टमार्टम कराया गया।

- घटना सरस्वती नगर थाना क्षेत्र के क्रेस्ट ग्रीन सोसाइटी की

# शहर को दो उद्यानों की सौगात, 1.51 करोड़ की परियोजना का लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

रायपुर ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत जोन 8 के पंडित जवाहर लाल नेहरू वार्ड के कबीर नगर और जोन 9 क्षेत्र के कचना स्थित जीएडी कालोनी में नगर निगम के पर्यावरण एवं उद्यानिकी विभाग द्वारा गिन्नी देवी गोयल फाउंडेशन के माध्यम से सीईआर निधि मद से निर्मित 2 उद्यानों का लोकार्पण किया गया। रायपुर ग्रामीण विधायक मोतीलाल साहू और महापौर मीनल चौबे ने शहरवासियों को दो उद्यानों की सौगात दी।

- रायपुर ग्रामीण विधायक मोतीलाल साहू, महापौर मीनल चौबे ने कबीर नगर और कचना के जीएडी कालोनी में उद्यानों का किया लोकार्पण



इस मौके पर महापौर मीनल चौबे ने कहा कि नगर निगम रायपुर द्वारा कबीर नगर क्षेत्र को शहर के अन्य वार्डो की तरह विकसित किया जाएगा। कबीर नगर में सुंदर बगीचा विकसित कर दिया गया है इसकी देखभाल भी फाउंडेशन करेगा, पर इसके लिए नागरिकों को सहभागिता दर्ज करवानी होगी।

विधयक मोतीलाल साहू ने कहा कि जोन 8 अंतर्गत पंडित जवाहरलाल नेहरू वार्ड में 1 करोड़ 43 लाख की लागत से पाइप लाइन विस्तार,सीसी रोड, सामुदायिक भवन निर्माण के विविध विकास कार्य कराए जाएंगे। सोनडोंगरी मुक्तिधाम तक पहुंच मार्ग निर्माण कार्य , उप मुख्यमंत्री अरुण साव के निर्देश पर मोर माटी मोर संस्कृति की मांग पर कबीर नगर के डॉ. अंबेडकर चौक के पास विशाल सामुदायिक भवन बनाया जाएगा। पर्यावरण एवं उद्यानिकी विभाग अध्यक्ष भोलाराम साहू, वार्ड पार्षद भगतराम हरवंश ने इस मौके पर अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का संचालन अपर आयुक्त विनोद पांडे और आभार प्रदर्शन एमआईसी सदस्य भोलाराम साहू ने किया।

## च्वाइस सेंटर में पार्षद का फर्जी लेटर पैड जब्त, पुलिस में शिकायत दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

ईदगाह भाठा के पास संचालित आर्यन च्वाइस सेंटर में शहीद चूड़ामणी वार्ड के पार्षद दीपक जायसवाल का फर्जी लेटर पैड मिला है। च्वाइस सेंटर पहुंच कर खुद पार्षद ने अपने नाम का लेटर पैड जब्त किया है।

लेटर पैड का जन्म-मृत्यु, आय, जाति सहित अन्य दस्तावेजों में दुरुपयोग करने की पार्षद ने आशंका व्यक्त करते हुए इसकी शिकायत आजाद चौक थाने में की है। दीपक जायसवाल नगर निगम के पार्षद एवं लोक कर्म विभाग के अध्यक्ष हैं। पार्षद ने बताया है कि उन्हें शिकायतें मिल रही थीं कि आर्यन चॉइस सेंटर में उनके आधिकारिक लेटरहेड और हस्ताक्षर का कथित रूप से दुरुपयोग किया जा रहा है। शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए उन्होंने पुलिस के पास शिकायत करने के साथ संबंधित चॉइस सेंटर में पहुंचकर जांच कराई।

जांच के दौरान च्वाइस सेंटर से पार्षद के अलावा अन्य जनप्रतिनिधियों के लेटरहेड मिलने की बात सामने आई है। आशंका व्यक्त की गई कि पार्षद के मूल लेटरहेड को स्कैन कर उसकी प्रतिलिपि तैयार की गई और उसी के आधार पर उनके हस्ताक्षर का कथित तौर पर अनाधिकृत उपयोग किया जा रहा था।

- जन्म, मृत्यु आय-जाति सहित अन्य दस्तावेजों में दुरुपयोग की आशंका

## खबर संक्षेप



### ग्रामीणों के आंदोलन को पेंड्रावन बचाओ संघर्ष समिति का समर्थन

रायपुर। ग्राम नकटी में विधायक कॉलोनी के लिए 80 परिवारों के घरों को तोड़कर उन्हें बेघर करने के विरोध में जारी आंदोलन को समर्थन देने के लिए शनिवार को पेंड्रावन बचाओ संघर्ष समिति के सचिव घनश्याम वर्मा, संयोजक उधोराम वर्मा और छत्तीसगढ़ बचाओ आंदोलन के आलोक शुक्ला शामिल हुए। ग्राम नकटी स्थित धरनास्थल पर ग्रामीणों के साथ चर्चा कर उनके आंदोलन में अपनी एकजुटता प्रकट की। घनश्याम वर्मा ने प्रशासन की इस कार्रवाई की कड़ी निंदा करते हुए इसे गरीब विरोधी कृत्य करार दिया।

### छत्तीसगढ़ की स्वास्थ्य व्यवस्था देश में सबसे ज्यादा बदहाल : कांग्रेस

रायपुर। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा, यह बेहद चिंता का विषय है कि स्वास्थ सुविधा देने में छत्तीसगढ़ सरकार अन्य राज्यों की अपेक्षा फिसड्डी है। छत्तीसगढ़ में जिन मरीजों की मौतें हो रही हैं, उनमें से 60 प्रतिशत से अधिक मरीजों की मौत केवल इसलिए हो रही है कि उनका समय पर इलाज एक प्रशिक्षित डॉक्टर और स्टाफ से नहीं हो पाता। सेंपल रजिस्ट्रेशन सिस्टम (एसआरएस) की रिपोर्ट में खुलासा हुआ कि छत्तीसगढ़ में होने वाली मौतों के पीछे एक बड़ा कारण ग्रामीण क्षेत्रों में प्रशिक्षित डॉक्टरो की कमी है। पूरे देश में छत्तीसगढ़ इस प्रकार की मौतों के मामलों में बिहार और झारखंड के बाद तीसरे स्थान पर है। उन्होंने कहा, भाजपा सरकार की प्राथमिकता में लोंगो का इलाज है ही नहीं, भाजपा सरकार के लिये स्वास्थ्य विभाग केवल भ्रष्टाचार करने का अड्डा मात्र बना हुआ है।

तेज गति से चलने वाले 8 वाहनों के विरुद्ध ओवर स्पीड पर कार्रवाई करते हुए 4 हजार रुपए समन शुल्क जारी


# जिले में यातायात नियमों का पालन नहीं करने पर हुई कार्रवाई, 6 लाख रुपए से ज्यादा समन शुल्क की वसूली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

- बिना सीट बेल्ट के चलने वाले 13 वाहन चालकों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए 6500 रुपए समन शुल्क की कार्रवाई

यातायात पुलिस महासमुंद द्वारा जिले में सड़क दुर्घटनाओं को कम करने एवं आम नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से विशेष अभियान संचालित किया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत शहरी क्षेत्रों में हेलमेट एवं सीट बेल्ट का उपयोग नहीं करने वाले वाहन चालकों पर नियमानुसार ई-चालान की कार्रवाई की जा रही है। प्रतिदिन ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में फिक्स चेकिंग पॉइंट स्थापित कर दोपहिया एवं चार पहिया वाहन चालकों की जांच की जा रही है। वाहन चालकों को दुर्घटना से बचाव में सहायक हेलमेट एवं सीट बेल्ट के महत्व की जानकारी देकर यातायात नियमों का पालन करने के लिए जागरूक किया जा रहा है।

गत एक सप्ताह महासमुंद शहरी क्षेत्र में दोपहिया वाहन में बिना हेलमेट धारण कर वाहन चलाने वाले 1210 चालकों के विरुद्ध ई-चालान की कार्रवाई कर 6,06,000 रुपए समन शुल्क जारी किया गया। तेज गति से वाहन चलाकर स्वयं व आम लोगों की जान जोखिम में डालने वाले 08 वाहनों के विरुद्ध ओवर स्पीड की कार्रवाई करते हुए 8,000 रुपए समन शुल्क, बिना सीट बेल्ट के वाहन चलाने वाले 15 वाहनों का विरुद्ध कार्रवाई करते हुए 7500 रुपए एवं अवैधानिक (गलत पार्किंग) रूप से खड़ी 25 वाहनों पर नो पार्किंग की कार्रवाई कर 7500 रुपए शुल्क का चालान जारी किया गया। साथ ही जिला मुख्यालय के केंद्रीय विद्यालय में जाकर स्कूली बच्चों को लाने व ले जाने वाले वाहनों एवं यात्री बसों की सघन जांच कार्रवाई किया गया, जिसमें 05 वाहनों के फिटनेस प्रमाण पत्र, परमिट, निर्धारित वर्दी तथा प्रदूषण प्रमाण पत्र संबंधी कमी पाये जाने से उनके विरूद्ध 14900 रुपए समन शुल्क वसूल किया गया। साथ ही जिले में संचालित होने वाले साप्ताहिक हॉट-बाजारों एवं महासमुंद शहर के चौक चौराहों में 09 जागरुकता कार्यक्रम आयोजित कर में उपस्थित 700 से अधिक लोगों को यातायात नियमों एवम सुरक्षा बिंदुओं संबंधी जानकारी देकर जागरूक किया गया।




इसके अतिरिक्त माल वाहक वाहनों में अवैध रूप से सवारी परिवहन करने वाले वाहन चालकों पर विशेष निगरानी रखते हुए मोटरयान अधिनियम के तहत कार्रवाई की जा रही है। ऐसे वाहनों में सवारी परिवहन किए जाने से गंभीर सड़क दुर्घटनाओं की संभावना बनी रहती है, जिसके दृष्टिगत सख्त कार्रवाई की जा रही है। साथ ही विगत एक सप्ताह में कुल 04 माल वाहक वाहनों पर कार्रवाई की गई। यातायात पुलिस द्वारा ब्रीथ एनालाइजर मशीन के माध्यम से वाहन चालकों की जांच भी की जा रही है। जांच के दौरान शराब सेवन कर वाहन चलाते पाए जाने वाले चालकों के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। नशे की स्थिति में वाहन संचालन सड़क दुर्घटनाओं का प्रमुख कारण है, जिसे रोकने हेतु अभियान निरंतर जारी रहेगा।


### महासमुंद पुलिस की अपील

अपने एवं अपने परिवार की सुरक्षा के लिए यातायात नियमों का पालन करें। दोपहिया वाहन चलाते समय ‟हेलमेट‟ तथा चार पहिया वाहन चलाते समय ‟सीट बेल्ट‟ का अनिवार्य रूप से उपयोग करें। नशे की हालत में व तेज गति से वाहन न चलाये तथा माल वाहक वाहनों में सवारी परिवहन से बचें।

## केटीयू में होगी ‘सेंटर ऑफ एक्सीलेंस’ की स्थापना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

जनसंचार शिक्षा व शोध के क्षेत्र में ‘सेंटर ऑफ एक्सीलेंस’ की स्थापना कुशाभाऊ ठाकरे पत्रकारिता एवं जनसंचार विश्वविद्यालय में होगी। कुलपति प्रो. मनोज दयाल ने इसकी विस्तृत कार्ययोजना पर अमल करने गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, हिसार का विशेष दौरा किया। कुलपति प्रो. मनोज दयाल ने गुजविप्रौवि के कुलपति प्रोफेसर नरसी राम बिश्नोई से हिसार में एक महत्वपूर्ण बैठक कर उच्च शिक्षा, जनसंचार और शोध को नई दिशा देने के लिए जनसंचार विभाग में ‘सेंटर ऑफ एक्सीलेंस’ की स्थापना पर सहमति बनी है। केटीयू और गुजविप्रौवि, हिसार (हरियाणा) के दोनों अग्रणी विश्वविद्यालयों के मध्य अकादमिक सहयोग और शैक्षणिक उन्नयन पर विस्तृत मंथन किया गया। जनसंचार में नया रोडमैप हेतु



प्रो. दयाल ने समग्र विकास पर गहन चर्चा की। जनसंचार शिक्षा और शोध के क्षेत्र में दोनों विश्वविद्यालयों के बीच एक मजबूत साझेदारी के लिए संयुक्त शोध परियोजनाएं तथा विद्यार्थियों और शिक्षकों के आदान-प्रदान के नए अवसर बनेंगे।

## स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी विद्यालय के प्रवेशोत्सव में शामिल हुए नपाध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

स्थानीय स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी विद्यालय में शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए। साहू ने मां सरस्वती के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर विधिवत कार्यक्रम का शुभारंभ किया। तत्पश्चात उन्होंने विद्यालय में नवप्रवेशित बच्चों का तिलक लगाकर एवं माला पहनाकर आत्मीय स्वागत किया और अपने हाथों से उन्हें मिठाई खिलाकर उनका उत्साहवर्धन किया



इस अवसर पर नपाध्यक्ष ने सभी नवप्रवेशी विद्यार्थियों को निःशुल्क पाठ्यपुस्तकों का सेट भेंट किया। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि आज का यह दिन आपके जीवन का सबसे सुनहरा दिन है, क्योंकि शिक्षा ही वह दीपक है जो जीवन के अंधकार को दूर करता है। आप सभी इस विद्यालय रूपी मंदिर में ज्ञान अर्जित करने आए हैं, मैं आप सभी से कहना चाहता हूँ कि खूब मन लगाकर पढ़ें शिक्षकों का सम्मान करें और अपने माता-पिता व नगर का नाम रोशन करें। स्वामी आत्मानंद का सपना था कि हर बच्चा शिक्षित हो, जिसे आप सभी को साकार करना है। उन्होंने बच्चों से कहा कि असफलता से कभी डरना नहीं चाहिए, बल्कि उससे सीख लेकर निरंतर आगे बढ़ते रहना चाहिए। आप सभी देश के भविष्य हैं और आपकी सफलता में ही महासमुंद की सफलता है। अंत में उन्होंने सभी शिक्षकों से आग्रह किया कि वे बच्चों को संस्कारवान शिक्षा दें, ताकि वे अच्छे नागरिक बन सकें। कार्यक्रम में विद्यालय की प्राचार्य सहित समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं अभिभावकगण एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# 19 जिलों के 350 बच्चों व युवाओं ने सीखे मानसिक स्वास्थ्य और तनाव प्रबंधन के गुर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

बच्चों और युवाओं को शारीरिक सुरक्षा के साथ-साथ मानसिक रूप से सुदृढ़, जागरूक और आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से डॉ. भीमराव अंबेडकर टाउन हॉल महासमुंद में तीन दिवसीय राज्य स्तरीय आत्मरक्षा प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इस वृहद कार्यशाला में छत्तीसगढ़ के 19 जिलों से पहुंचे लगभग 350 बच्चों और युवा प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया।

यह महत्वपूर्ण कार्यशाला डॉ. आई नागेश्वर राव (मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी), डॉ. बी महेश्वरी (संयुक्त संचालक सह अस्पताल अधीक्षक), नीलू घृतलहरे (डीपीएम), और डॉ. सीपी चंद्राकर (नोडल अधिकारी, मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम) के मार्गदर्शन एवं समन्वय से आयोजित की गई। अधिकारियों के विशेष प्रयासों से युवाओं को एक ऐसा मंच मिला, जहां वे अपनी मानसिक और शारीरिक समस्याओं का समाधान पा सके। राज्य स्तरीय




प्रशिक्षण शिविर में मीरा पंडा नोडल और उनके सहयोगी के समन्वय से कार्यशाला किया गया।

शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय सह जिला चिकित्सालय के स्पर्श क्लीनिक (मनोरोग विभाग) से आए विशेषज्ञों ने शिविर में मुख्य प्रशिक्षक की भूमिका निभाई। मनोरोग सामाजिक कार्यकर्ता राम गोपाल खुंटे और एसएनओ खोमन लाल साहू ने युवाओं को बेहद सरल भाषा में मानसिक स्वास्थ्य, आत्महत्या रोकथाम और तनाव प्रबंधन के गुर सिखाए। उन्होंने बताया कि पढ़ाई, करियर या पारिवारिक कारणों से होने वाले अवसाद और नकारात्मक विचारों को सकारात्मक सोच और सही परामर्श से पूरी तरह दूर किया जा सकता है। बच्चों एवं युवाओं को 7 के पहाड़ा खेल के माध्यम से तनाव प्रबंधन के माध्यम बताए गए। साथ ही सोशल मीडिया, मोबाइल एडिक्शन, नशा रोक थाम पर भी चर्चाएं की गई। कार्यशाला के दौरान बच्चों और युवाओं को भारत सरकार के महत्वपूर्ण उपक्रम टेली-मानस सेवा के बारे में विस्तार से जागरूक किया गया। विशेषज्ञों ने बताया कि मानसिक तनाव, घबराहट या किसी भी मानसिक समस्या की स्थिति में कोई भी व्यक्ति टोल-फ्री नंबर 14416 पर कॉल करके 24 घंटे मुफ्त और गोपनीय मानसिक स्वास्थ्य परामर्श प्राप्त कर सकता है। छत्तीसगढ़ के कोने-कोने से आए 350 प्रतिभागियों ने इस शिविर को बेहद लाभकारी बताया। उन्होंने सीखा कि विपरीत परिस्थितियों में मानसिक संतुलन बनाए रखना ही सबसे बड़ी आत्मरक्षा है। कार्यक्रम के अंत में सभी बच्चों और युवाओं को मानसिक स्वास्थ्य के प्रति समाज में जागरूकता फैलाने का संकल्प दिलाया गया।

# टीचर्स एसोसिएशन ने किया जिला शिक्षा अधिकारियों का सम्मान




हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन जिला इकाई महासमुंद ने बीआरसीसी भवन महासमुंद में जिला एवं विकासखंड स्तरीय पदाधिकारियों की उपस्थिति में नवपदस्थ जिला शिक्षा अधिकारी महासमुंद बीएल देवांगन, जिला शिक्षा अधिकारी रायपुर एमजी सतीश नायर, जिला शिक्षा अधिकारी गरियाबंद राजेश चंद्राकर का शॉल एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर एसोसिएशन द्वारा पुष्पहार, पुष्पगुच्छ, प्रतीक चिन्ह देकर नवपदस्थ विकासखंड शिक्षा अधिकारी भोपाल सिंह बंजारा तथा जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान के प्राचार्य अरुण प्रधान एवं बीआरसीसी महासमुंद जागेश्वर सिन्हा को भी सम्मानित किया गया।

जिलाध्यक्ष नारायण चौधरी की अध्यक्षता तथा प्रांतीय संयोजक सुधीर प्रधान, केशवराम साहू, विकासखंड अध्यक्ष विनोद यादव, गजेंद्र नायक के विशिष्ट आतिथ्य में आयोजित सम्मान समारोह का शुभारंभ मां शारदेय की प्रतिमा पर कुमकुम, पुष्पहार, श्रीफल अर्पित कर दीप प्रज्ज्वलित करते हुए प्रार्थना गीत से किया गया। एसोसिएशन के उपस्थित प्रांतीय एवं जिला पदाधिकारी लालजी साहू, नंदकुमार साहू, सादराम अजय, प्रदीप वर्मा, जगदीश सिन्हा, प्राचार्य तुलेंद्र सागर, भारत साहू, खिलावन वर्मा, देवेंद्र चंद्राकर, मनीष अवसरिया, वारिश कुमार, पवन साहू, अक्षय साहू, कौशल साहू, आशीष साहू, घनश्याम चक्रधारी, पुष्पलता भार्गव, संपा बोस, खेमिन साहू, भारती सोनी ने बुके, फूलमाला एवं गुलाल लगाकर मंचीय अतिथियों का स्वागत सत्कार किया। जिला सचिव नंदकुमार साहू ने संचालन करते हुए नवपदस्थ अधिकारियों को आशीष वाचन के लिए आमंत्रित किया। जिलाध्यक्ष नारायण चौधरी ने अपने उद्बोधन में अतिथियों को समय देने एवं आतिथ्य स्वीकार करने के लिए अभिनंदन करते हुए कहा कि देवांगन सरल सहज एवं मृदुभाषी स्वभाव के धनी हैं तथा नायर और चंद्राकर जिला महासमुंद से ही गए हैं, जिनसे हमारे संगठन को हमेशा से मार्गदर्शन मिलते रहा है। प्रांतीय प्रतिनिधि सुधीर प्रधान एवं केशवराम साहू ने नवपदस्थ जिला शिक्षा अधिकारियों को आश्वस्त किया कि शिक्षा के स्तर को ऊंचा उठाने एवं उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम के लिए एसोसिएशन के समस्त शिक्षक हरसंभव प्रयास करेंगे। सम्मान समारोह में शंकरलाल साहू, खोमन चंद्राकर, किरण कन्नौजे, टीकम साहू, भारती सोनी, रोहित ठाकुर, राजेश्वर चंद्राकर, कमलेश साहू आदि मौजूद रहे। उक्तशय की जानकारी जिला सचिव नंदकुमार साहू एवं जिला मीडिया प्रभारी प्रदीप वर्मा ने दी।

# महिला मोर्चा सम्मेलन में गूंजा राष्ट्रवाद और अंत्योदय का संदेश, 63 महिलाओं ने थामा भाजपा का दामन

**महासमुंद।** भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा जिला महासमुंद द्वारा खल्लारी विधानसभा क्षेत्र के पिथौरा विकासखंड अंतर्गत ग्राम लामीडीही में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी स्मृति दिवस, पंडित दीनदयाल उपाध्याय डिजिटल लर्निंग प्लेटफॉर्म प्रशिक्षण महाअभियान एवं महिला भाजपा प्रवेश समारोह का जिला स्तरीय आयोजन गरिमामय वातावरण में हुआ। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिला मोर्चा की पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं ग्रामीण महिलाओं की सहभागिता रही।

कार्यक्रम भाजपा महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष विभा अवस्थी के निर्देश एवं भाजपा जिला अध्यक्ष येतराम साहू के मार्गदर्शन में जिला महिला मोर्चा अध्यक्ष स्मिता हितेश चंद्राकर के नेतृत्व में आयोजित किया गया। मुख्य वक्ता एवं महिला मोर्चा जिला प्रभारी भारती बागल ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के जीवन एवं राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उन्होंने देश की एकता और अखंडता के लिए अपना सर्वस्व समर्पित किया। अनुच्छेद 370 के विरोध में उनका दिया गया नारा ‟एक देश में दो निशान, दो विधान और दो प्रधान नहीं चलेंगे आज भी राष्ट्रीय एकता का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में अनुच्छेद 370 हटाकर जम्मू-कश्मीर में भारतीय संविधान को पूर्ण रूप से लागू किया गया। पंडित दीनदयाल उपाध्याय डिजिटल प्रशिक्षण महाअभियान की जिला सह प्रभारी डॉ. किरण सिंह ने कहा कि भाजपा पंडित दीनदयाल उपाध्याय के अंत्योदय के सिद्धांत पर कार्य करती है। सरकार की योजनाओं का उद्देश्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास का लाभ पहुंचाना है। भाजपा जिला अध्यक्ष येतराम साहू ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार तथा मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में प्रदेश सरकार गरीब, किसान, महिला और युवाओं के कल्याण के लिए अनेक जनहितकारी योजनाएं संचालित कर रही है। इन योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे, इसी उद्देश्य से भाजपा गांव-गांव जाकर जनसंपर्क और संवाद कार्यक्रम चला रही है।

महिला आयोग की सदस्य सरला कोसरिया ने कहा कि आज महिलाओं को आत्मनिर्भर एवं सशक्त बनाने की दिशा में ऐतिहासिक कार्य हो रहे हैं। महिला सशक्तिकरण के माध्यम से देश विकास की नई ऊंचाइयों की ओर बढ़ रहा है। जिला महिला मोर्चा अध्यक्ष स्मिता हितेश चंद्राकर ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय के विचार आज भी भाजपा की कार्यशैली की आधारशिला हैं। विकसित भारत-2047 के संकल्प को पूरा करने में महिलाओं की सक्रिय भागीदारी सबसे महत्वपूर्ण होगी।

इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की जनकल्याणकारी योजनाओं से प्रभावित होकर 63 महिलाओं ने भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। इनमें तपिशा प्रधान, सावित्री साहू, शोभा साहू, देवी साहू, जयंती प्रधान, मथुरा साहू, संगीता भोई, पदमा भोई, तीजनबाई साहू, निलेश्वरी साहू, मीरा साहू, धनेश्वरी ठाकुर, रामशिला ठाकुर, पार्वती ठाकुर, लक्ष्मी ठाकुर, रामेश्वरी दीवान, अहिल्या साहू, सावित्री गोस्वामी, लीला ठाकुर, सीमा ठाकुर सहित अन्य महिलाएं शामिल रहीं। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री तारेश्वरी नायक एवं आभार प्रदर्शन मंडल महामंत्री शिवांगी दुबे ने व्यक्त किया।

इस अवसर पर महिला मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष पुष्पलता चौहान, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य कौशल्या बंसल, पूर्व जिला अध्यक्ष मीना वर्मा, सुधा साहू, ललिता अग्रवाल, जिला पंचायत सदस्य रामदुलारी सिंह, जनपद उपाध्यक्ष हुलसी चंद्राकर, सरपंच कमला दीवान, भाजपा जिला मंत्री सुशील कांति पटेल, सीता सतपथी, जिला उपाध्यक्ष शशी पटेल, अनिता टांडे, क्षमता गोयल, जिला मंत्री वर्षा साहू, प्रियंका सिन्हा, विजयलक्ष्मी जांगड़े, जिला कोषाध्यक्ष प्रीति मक्कड़, जिला सोशल मीडिया प्रभारी विमल बेहरा, सह मीडिया प्रभारी लक्ष्मी दत्ता, मंडल अध्यक्ष बीना, सोना, मधु यादव, किरण यदु, नेहा अग्रवाल, दीपा साहू, चेतन साहू सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

### मानिकपुरी समाज ने मनाया संत कबीर प्रकटोत्सव

रायपुर। मानिकपुरी समाज ने बोरियाखुर्द, मठपुरैना एवं काठाडीह रोड स्थित कबीरधाम में विगत दिनों संत कबीर प्राकट्य उत्सव को आयोजन किया। इस दौरान बड़ी संख्या में समाजजनों एवं श्रद्धालुओं ने संत कबीरदास के प्रति श्रद्धा व्यक्त करते हुए उनके मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। दिनभर सत्संग, भजन-कीर्तन का दौर चला। सायंकाल चौका आरती की गई। साथ ही भंडारा साहेब में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
>वात रोग >घुटने के दर्द >पीठ व कमर दर्द >स्पॉन्डिलाइटिस >लिगामेंट के दर्द
>साइटिका >गोल्फ एल्बो >फ्रोजन शोल्डर >शरीर मे जकड़न
9 सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
9 सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003

Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेज़र मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

न्यू मातृ स्मृति हॉस्पिटल
मैटरनिटी, चिल्ड्रन्स एवं सर्जिकल हॉस्पिटल
उपलब्ध सुविधाएं
- गर्भवती महिलाओं की संपूर्ण जांच व परामर्श नार्मल एवं सीजेरियन डिलीवरी
- एवं बच्चेदानी का ऑपरेशन व नसबंदी
- सर्वसुविधायुक्त PICU, NICU, OT
- बच्चों की सभी प्रकार की सर्जरी हर्निया, हाईड्रोसील, सरकम सीजन की सुविधा
- आयुष्मान कार्ड और CSEB से कैशलेस उपचार,
- TPA की सुविधा
माँ और शिशु का विश्वास
डॉ. सी.पी.सिंह (एमबीबीएस, एमडी) शिशु एवं बाल्य रोग विशेषज्ञ
डॉ. नीलिमा सिंह (एमबीबीएस, डी.जी.ओ.) स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ
9009553889, 9090204620
एकता नगर, अम्बेडकर चौक के पास, गुढ़ियारी रायपुर
ब्रांच : मातृ स्मृति मंगल बाजार, गायत्री मंदिर के सामने, गुढ़ियारी, रायपुर

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

**खबर संक्षेप**



## कौहाकुड़ा में कबीर जयंती पर हुई चौका आरती

**महासमुंद।** ग्राम कौहाकुड़ा में कबीर प्राकट्य उत्सव मनाया गया। युवराज साहू के निवास में इस मौके पर चौका आरती का कार्यक्रम रखा गया। जिसमें कबीर समाज के लोगों ने गुरु वंदना की और गुरु को पान, सुपारी, नारियल भेंटकर प्रणाम किया। इस मौके पर प्रमुख रूप से कौशल चंद, मुकेश बैरागी डॉ सरोज साहू, चंद्रप्रकाश, डॉ गजेंद्र, चुन्नी लाल, दुलेश्वर, डेयर, नोहर दास, घासीदास, दुलार दास, विश्राम, तोमेस, चमन, मनीष, जय, पुष्कर, गोलू, हेमलता, नेहा, रीना, निक्की सोनिया, डॉ सुंदर, दानीप्रसाद, रूपेश, यंतुदास, यमन, रेखलाल आदि उपस्थित थे।




## गुड शेफर्ड में स्वामी विवेकानंद की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा

**महासमुंद।** गुड शेफर्ड स्कूल में महान दार्शनिक, आध्यात्मिक गुरु एवं युगप्रवर्तक स्वामी विवेकानंद की पुण्यतिथि श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ स्वामी विवेकानंद के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य ने अपने उद्बोधन में कहा कि स्वामी विवेकानंद के विचार आज भी युवाओं के लिए प्रेरणा का अमूल्य स्रोत हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से आत्मविश्वास, अनुशासन, सेवा-भाव एवं राष्ट्रप्रेम को अपने जीवन में अपनाने का आह्वान किया। एनएसएस प्रभारी अनीता वंजारी ने स्वामी विवेकानंद के जीवन-दर्शन, आध्यात्मिक चिंतन तथा समाज और राष्ट्र के प्रति उनके योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने प्रेरक भाषण, कविता-पाठ तथा स्वामी विवेकानंद के अनमोल विचार प्रस्तुत किए। उनके प्रसिद्ध संदेश उठो, जागो और लक्ष्य की प्राप्ति तक रुको मत को आत्मसात करने का संकल्प एनएसएस कैडेट्स ने लिया। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय परिवार ने स्वामी विवेकानंद को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके आदर्शों पर चलने और नैतिक मूल्यों से युक्त जीवन जीने का संकल्प लिया।

## देशी प्लेन शराब जब्त एक आरोपी पर कार्रवाई

**महासमुंद।** खल्लारी पुलिस ने चाय दुकान के पास देशी शराब बेच रहे एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि सूचना मिली थी कि आरोपी सुनील कुमार साहू पिता चुन्नू राम साहू (21 वर्ष) ग्राम खुटेरी अपने चाय दुकान के बाजू में अवैध रूप से देशी प्लेन शराब बिक्री करने के लिए रखा हुआ है। मौके पर पहुंचकर पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 36 पौवा देशी प्लेन शराब कीमत 2880 रुपए को बरामद किया।

# आषाढ़ में मानसून की धमाकेदार दस्तक, रात-दिन झमाझम बारिश से खेत-खलियान लबालब, किसानों के चेहरे खिले





**नर्रा।** आषाढ़ माह में मानसूनी बारिश की दस्तक से क्षेत्र में रात और दिनभर हो रही झमाझम बारिश ने पूरे इलाके को तरबतर कर दिया है। इस पहली जोरदार बारिश से जहां लोगों को भीषण गर्मी और उमस से बड़ी राहत मिली है। वहीं मौसम पूरी तरह सुहावना हो गया है। लगातार हो रही इस बारिश के चलते खेत-खलिहान पानी से पूरी तरह लबालब हो चुके हैं। लंबे समय से बारिश की राह देख रहे अन्नदाताओं (किसानों) के चेहरे इस मानसूनी फुहार से खिल उठे हैं। इसके बाद क्षेत्र में खेती-किसानी के कामों ने तेज रफ्तार पकड़ ली है। किसान अब खरीफ फसलों की बोनी, थरा डालने और वही एक्का दुक्का ही किसान रोपाई के कार्यों में जुटे है। इस झमाझम बारिश के कारण क्षेत्र के नदी-नाले और पारंपरिक जलस्रोत उफान पर हैं। भूजल स्तर में भी सुधार देखने को मिल रहा है। हालांकि, लगातार पानी बरसने से गांवों की सड़के में जलभराव की स्थिति भी निर्मित हुई है।

**रोषः** छग सहायक समग्र शिक्षक फेडरेशन ने शिक्षा विभाग को दी चेतावनी

# समय सीमा में मांग पूरी नहीं तो 10 के बाद डीईओ कार्यालय का करेंगे घेराव

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन ने अपनी लंबित और न्यायसंगत मांगों को लेकर जिला शिक्षा अधिकारी (डीईओ) के खिलाफ सीधे आर-पार की लड़ाई का शंखनाद कर दिया है। फेडरेशन के जिलाध्यक्ष ईश्वर चंद्राकर के नेतृत्व में एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने जिला शिक्षा अधिकारी से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा और साफ कर दिया कि यदि एक सप्ताह के भीतर मांगें पूरी नहीं हुईं, तो 10 जुलाई के बाद पूरे जिले के शिक्षक डीईओ कार्यालय का उग्र घेराव करेंगे।

जब फेडरेशन ने विभाग से पूछा कि विभागीय पदोन्नति समिति (डीपीसी) की बैठक होने के बाद भी प्रधानपाठक पदोन्नति की सूची जारी करने में लेट-लतीफी क्यों की जा रही है, तो अधिकारी नये शिक्षण सत्र और टीईटी (टीईटी) की समस्या और शासन के निर्देशों का बहाना बनाने लगे। फेडरेशन ने इस पर तीखी आपत्ति दर्ज करते हुए पूछा है कि इस घोर लापरवाही और कछुआ चाल के लिए आखिर कौन जवाबदार है? अधिकारियों की इस तानाशाही को अब और बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जिलाध्यक्ष ईश्वर चंद्राकर सहित प्रांतीय पदाधिकारी कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष सिराज बक्श, ब्लॉक अध्यक्षद्वय बाबूलाल ध्रुव महासमुंद, प्रकाश बघेल बागबाहरा, कमलेश नायक पिथौरा, शरण दास बसना, गणेश चौहान सरायपाली सहित जिला पदाधिकारियों ने शासन और जिला प्रशासन सहित शिक्षा विभाग को चेतावनी देते हुए कहा है कि फेडरेशन अब किसी भी प्रकार के कोरे आश्वासनों के झांसे में नहीं आने वाला। अगर एक हफ्ते के भीतर विभाग की कुंभकर्णी नींद नहीं खुली, तो 10 जुलाई के बाद सूचना देकर जिले के कोने-कोने से शिक्षक अपनी शक्ति का प्रदर्शन करने डीईओ कार्यालय पहुंचेंगे। इस उग्र आंदोलन, तालाबंदी और इससे होने वाली किसी भी प्रशासनिक अशांति की संपूर्ण जिम्मेदारी जिला शिक्षा अधिकारी और शिक्षा विभाग की होगी। जिला स्तरीय वार्ता में प्रमुख रूप से प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष सिराज, बक्श ब्लॉक अध्यक्ष बाबू लाल ध्रुव, सचिव विनय यादव, जिला पदाधिकारी विष्णु जागृति, विजय राजपूत, आत्मा राम साहू, राजेश चंद्राकर, राजेश भालेराव, बलराम नेताम, अनिल कुमार चंद्राकर, जितेंद्र साहू सहित बड़ी संख्या में फेडरेशन पदाधिकारी मौजूद थे।



### एकल शिक्षकीय शालाओं पर डीईओ ने झाड़ा पल्ला

जिले में दम तोड़ती शिक्षा व्यवस्था और एकल शिक्षकीय (एक शिक्षक वाले) स्कूलों की बदहाली पर जब डीईओ ने यह कहकर पल्ला झाड़ लिया कि यह शासन स्तर का मामला है', तो फेडरेशन का गुस्सा सातवें आसमान पर पहुंच गया। फेडरेशन ने दो टूक कहा है कि एक अकेले शिक्षक के भरोसे नौनिहालों का भविष्य अंधकार में धकेला जा रहा है। ऐसी स्थिति में स्कूलों का संचालन और शिक्षा की गुणवत्ता बनाए रखना असंभव है। इस व्यवस्था के खिलाफ मुखर होकर फेडरेशन अब अभियान शुरू करने जा रहा है। इस आंदोलन में गांवों के स्कूलों की व्यवस्था के कारण शिक्षा की गुणवत्ता में आने वाली समस्या से अवगत कराया जाएगा।

### फेडरेशन की मुख्य और अपरिवर्तनीय मांगें

एक सप्ताह के भीतर प्राथमिक प्रधानपाठक पदोन्नति की प्रक्रिया को पूर्ण कर सूची जारी की जाए। एकल शिक्षकीय शालाओं में आपातकालीन आधार पर तत्काल अतिरिक्त शिक्षकों की पदस्थापना की जाए। मर्ज की गई शालाओं के प्राथमिक एवं मिडिल प्रधानपाठकों को बिना किसी देरी के सचिव व कोषाध्यक्ष का प्रभार सौंपा जाए। वित्तीय लेन देन में सामंजस्य स्थापित करने के लिए ऐसा करना बेहद जरूरी है। शिक्षकों को बाबू समझने की भूल बंद हो, उनसे लिए जा रहे तमाम गैर-शैक्षणिक कार्यों पर तत्काल और पूर्ण विराम लगाया जाए। शिक्षक से आखिर क्यों कराया जाता है। गैर शिक्षकीय कार्य हर छोटे बड़े कामों को आनलाइन करना शिक्षकीय कार्य नहीं, पुस्तकों को स्कैनिंग करना शिक्षकीय कार्य नहीं अन्य विभाग की योजनाओं के क्रियान्वयन हेतु सर्व करना शिक्षकीय कार्य नहीं, स्कूल में शिक्षक बच्चों को शिक्षा देने के लिए नियुक्त किए गए है। माननीय सुप्रीम कोर्ट ने भी स्पष्ट आदेश दिया है कि शिक्षकों से गैर शिक्षकीय कार्य न लिया जाए। परंतु, विभाग शिक्षकों से आए दिन गैर शिक्षकीय कार्य ही करवाता है। जबकि, इन कामों से बच्चों की पढ़ाई में सीधा असर देखने को मिलता है। शिक्षा विभाग फेडरेशन की मांगो पर करने चिंतन अन्यथा जिले भर शिक्षकों द्वारा उग्र आंदोलन की अंतिम चेतावनी दी गई।

# ढैंचा की हरी खाद से जैविक खेती की ओर बढ़े किसान हिमांशु



हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

जिले के विकासखंड बसना अंतर्गत ग्राम बड़ेसाजापाली के प्रगतिशील किसान हिमांशु बंजारे ने जैविक खेती को अपनाकर टिकाऊ कृषि की दिशा में कदम बढ़ाया है। उन्होंने अपने 0.80 हेक्टेयर कृषि रकबे में ढैंचा की हरी खाद की फसल बोई है, जो वर्तमान में लगभग 30 दिन की हो चुकी है। हिमांशु बंजारे ने बताया कि ढैंचा की फसल को खेत में पलटकर हरी खाद के रूप में उपयोग किया जाएगा। इससे भूमि की उर्वराशक्ति में सुधार होगा, रासायनिक उर्वरकों पर निर्भरता कम होगी तथा आगामी फसल की उत्पादकता में वृद्धि होने की संभावना है। उनका कहना है कि जैविक खेती अपनाने से खेती की लागत कम होने के साथ-साथ मिट्टी का स्वास्थ्य भी बेहतर होता है। उन्होंने अन्य किसानों से भी अपील की है कि वे ढैंचा जैसी हरी खाद वाली फसलों का उपयोग कर प्राकृतिक एवं टिकाऊ खेती को बढ़ावा दें।

उप संचालक कृषि एफआर कश्यप ने बताया कि हरी खाद ऐसी फसलें हैं, जिन्हें विशेष रूप से मिट्टी की उर्वरता और संरचना को बढ़ाने और बनाए रखने के लिए उगाया जाता है। इन्हें आमतौर पर सीधे या फिर मिट्टी से निकालकर खाद बनाने के बाद वापस मिट्टी में मिला दिया जाता है। हरी खाद का उपयोग दलहनी फसलों में सन, ढैंचा, लोबिया, उड़द, मूंग, ग्वार आदि फसलों का उपयोग किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि इन फसलों की वृद्धि शीघ्र एवं कम समय में हो जाती है। पत्तियाँ बड़ी वजनदार एवं बहुत संख्या में रहती है एवं इनकी उर्वरक तथा जल की आवश्यकता कम होती है, जिससे कम लागत में अधिक कार्बनिक पदार्थ प्राप्त हो जाता है। यह मृदा में नाइट्रोजन की भरपूर आपूर्ति करती है। बोआई के 35-40 दिनों में (फूल आने से पहले) के बाद पलटने से 50-60 किग्रा./हे. नाइट्रोजन प्रदान करती है। हरी खाद के प्रयोग में मृदा भुरभुरी, वायु संचार में अच्छी, जलधारण क्षमता में वृद्धि, अम्लीयता, क्षारीयता में सुधार एवं मृदा क्षरण में भी कमी होती है। हरी खाद के प्रयोग से मृदा में सूक्ष्मजीवों की संख्या एवं क्रियाशीलता बढ़ती है तथा मृदा की उर्वरा शक्ति एवं उत्पादन क्षमता में वृद्धि होती है।

# एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत हुआ पौधरोपण, हरियाली बढ़ाने का लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

सहकारिता सप्ताह पर सेवा सहकारी समिति झालखम्हरिया द्वारा पर्यावरण संरक्षण एवं जनजागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से ₹एक पेड़ माँ के नाम₹ अभियान के अंतर्गत पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर समिति के पदाधिकारियों, कर्मचारियों एवं ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया।

कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि वृक्ष केवल पर्यावरण को संतुलित रखने का माध्यम नहीं, बल्कि मानव जीवन का आधार हैं। बढ़ते प्रदूषण, जलवायु परिवर्तन एवं घटते वन क्षेत्र को देखते हुए प्रत्येक व्यक्ति को कम से कम एक पौधा



लगाकर उसकी देखभाल करनी चाहिए। एक पेड़ माँ के नाम अभियान मातृ सम्मान के साथ-साथ प्रकृति संरक्षण का भी सशक्त संदेश देता है। उपस्थित सभी लोगों ने अधिक से अधिक पौधे लगाने, उनका संरक्षण करने तथा समाज को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करने का संकल्प लिया। साथ ही यह भी कहा गया कि सहकारिता केवल आर्थिक विकास का माध्यम नहीं, बल्कि सामाजिक सरोकारों और जनहित के कार्यों में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। इस अवसर पर समिति अध्यक्ष श्याम साकरकर, प्रबंधक भोजराज साहू, आपरेटर यशवंत चंद्राकर, लेखापाल युवराज साहू, लिपिक नरेंद्र सेन, सौरभ चंद्राकर, दिनेश निषाद, भुवनेश्वर, रूपेश ध्रुव, गौतम चंद्राकर, रमेश साहू सहित समिति के कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

# साबुन बैंक के माध्यम से छात्रों को समझा रहे साफ-सफाई का महत्व

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

शासकीय बालक प्राथमिक शाला तुमगांव में स्वच्छता एवं स्वस्थ जीवनशैली की आदत विकसित करने के उद्देश्य से स्थापित साबुन बैंक में सत्र 2026-27 में भी सभी शिक्षक, पालक एवं विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए साबुन जमा किया। ज्ञात हो कि इस अभिनव पहल की शुरुआत सत्र 2025-26 में की गई थी, जिसका नेतृत्व शिक्षक जितेंद्र कुमार साहू द्वारा किया गया। इस अवसर पर वक्ताओं ने अपने उद्बोधन में कहा कि बच्चों में स्वच्छता की आदत विकसित करना आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है। साबुन बैंक के माध्यम से विद्यार्थियों में नियमित रूप से हाथ धोने की आदत विकसित करने, संक्रमण से बचाव




करने तथा स्वच्छता के महत्व को समझाने का प्रयास किया जा रहा है। इस पहल में शिक्षकों, पालकों, विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्यों एवं विद्यार्थियों ने सक्रिय भागीदारी निभाते हुए स्वेच्छा से साबुन जमा किया। इस अवसर पर विद्यालय परिवार ने संकल्प लिया कि स्वच्छता के इस अभियान को केवल विद्यालय तक सीमित न रखते हुए समाज में भी व्यापक रूप से जागरूकता के रूप में फैलाया जाएगा। कार्यक्रम में पार्षद शिव यादव एवं विधायक प्रतिनिधि राकेश तिवारी का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। इस अवसर पर संस्था प्रमुख संगीता रात्रे, शिक्षकगण जितेंद्र कुमार साहू, बलराम नेताम साहू, प्रभा कोसले, विमला बांधे, ममता विश्वकर्मा, कुसमा कुर्रे, रेवती पटेल, लुकेश्वरी धीवर, भागवती यादव एवं चमारीन यादव उपस्थित रहे।

# देव संस्कृति स्कूल में मनाया प्रवेशोत्सव, छात्रों को बांटे गणवेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

देव संस्कृति उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में नए शैक्षणिक सत्र के प्रारंभ पर शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पार्षद धनेश्वरी सोनाधार सोनवानी थे। अन्य अतिथियों में देव संस्कृति शिक्षा एवं कल्याण समिति से शशि प्रभा थिटे, बीएन गुप्ता, एलके मेश्राम, नरेंद्र नायक, हीरालाल साहू, बोध राम साहू, जगमोहन लाल साहू, रिखी राम साहू, मनहरण लाल साहू, श्याम दुबे, दूषण लाल साहू, संस्था के प्राचार्य कुबेर प्रकाश गिरी उपस्थित थे।

कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों के द्वारा मां सरस्वती के छायाचित्रों पर पुष्पमाला एवं द्वीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। कक्षा 12वीं के छात्रों द्वारा अतिथियों के लिए स्वागत गीत एवं सरस्वती वंदना प्रस्तुत किए। संस्था के प्राचार्य कुबेर प्रकाश गिरी द्वारा स्वागत भाषण एवं प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए बताया कि नवप्रवेशी बच्चे जब शाला में प्रवेश लेने आते है तो झिझक रहता हैं, जिसे दूर करने एवं एक उत्सव के रूप देने के लिए प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया है। जिससे बच्चों में सालभर उत्साह बना रहे एवं पढ़ाई के साथ-साथ विभिन्न शालेय गतिविधियों में बढ़-चढ़ के भाग लेते रहे। स्कूली बच्चों द्वारा रंगारंग




सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इस अवसर पर नवप्रवेशी कक्षा नर्सरी से 12वीं तक के प्रवेश लेने वाले नए छात्र-छात्राओं का विद्यालय परिवार द्वारा मुंह मीठा कराकर एवं तिलक, रोली लगाकर आत्मीय स्वागत किया गया, जिससे बच्चों में स्कूल आने को लेकर एक नया उत्साह देखा गया तथा आरटीई के तहत पढ़ने वाली सभी बच्चों को गणवेश वितरण किया गया।

मुख्य अतिथि धनेश्वरी सोनाधार सोनवानी ने अपनी उद्बोधन में बच्चों को शिक्षा के महत्व से अवगत कराया और उन्हें नियमित रूप से विद्यालय आकर लगन के साथ पढ़ाई करने के लिए प्रेरित किया, ये बच्चे ही कल के भविष्य हैं। अच्छे पढ़ लिखकर योग्य नागरिक बनेंगे। संस्था के अध्यक्ष शशि प्रभा थिटे ने अपनी उद्बोधन में कहा कि विद्यालय केवल पढ़ाई का स्थान नहीं बल्कि बच्चों के व्यक्तित्व निर्माण, संस्कार, अनुशासन और उज्ज्वल भविष्य की नींव रखने का केंद्र है। सभी बच्चे मन लगाकर पढ़ाई करें। शिक्षकों का सम्मान करें और अपने सपनों को पूरा करने के लिए निरंतर प्रयास करते रहें।

कार्यक्रम का मंच संचालन व्याख्याता गायत्री सेन तथा आभार प्रदर्शन संस्था के अध्यक्ष शशि प्रभा थिटे ने किया। कार्यक्रम में कुबेर प्रकाश गिरी (प्राचार्य), शशि थिटे (अध्यक्ष), दूषण लाल साहू, कृष्ण कुमार साहू, दिनेश प्रताप ठाकुर, जितेंद्र चक्रधारी, लोकेश चंद्राकर, ऋषभ साहू, अनिता पिल्लई (प्राथमिक प्रभारी), गरिमा साहू, बसंती यादव, किरण विश्वकर्मा, जय श्रीवास्तव, ललिता सिन्हा, गायत्री सेन, दीपा साहू, भूमिका चंद्राकर, पुष्पा भारती चंद्राकर, संजू पारेश्वर, रामेश्वरी साहू, लता निषाद, सुनीता साहू, लक्ष्मी कामेश्वरी बाग, गौरी साहू, गायत्री साहू, लक्ष्मी साहू, ममता प्रजापति, रेख राम पटेल तथा पालकगण उपस्थित थे। उपरोक्त जानकारी शिक्षक कृष्ण कुमार साहू ने दी हैं।

